हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार, 3 दिसंबर 2024

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री


9 विधायक को किसानों ने बारदाना की समस्या से...





10 रसेला और मेडकीडबरी के कृषकों को वितरित...





PHOENIX® श्री बालाजी स्केल

इलेक्ट्रॉनिक वजन तराजू और सिस्टम

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त

विक्रेता एवं सुधारक





डिगेन्द्र यादव - 9993001348

पता : देवांगन कॉम्प्लेक्स, छल्लानी पेट्रोल पंप के सामने, नवापारा, राजिम, मो. 9303991861


## खबर संक्षेप

### अमितेश आज करेंगे धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 3 दिसंबर को धान खरीदी केंद्र चलो अभियान कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को जिलेवार प्रभारी बनाया गया है। जिले से प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल को जिम्मेदारी मिली है। जिसके तहत 3 दिसंबर को ग्राम बेलटुकरी धान खरीदी केंद्र में दोपहर 12.30 बजे एवं कुंडेल धान खरीदी केंद्र में दोपहर 1.30 बजे पहुंच कर सोसायटी का निरीक्षण कर किसानो को धान खरीदी में हो रही समस्या से रूबरू होंगे।

### हिंदू समाज पर हो रहे हमले के विरोध में धर्मसभा आज

**गरियाबंद।** बांग्लादेश में हिंदू समाज पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा किए जा रहे हमले, लूटपाट, आगजनी और महिलाओं-बच्चों पर अमानवीय अत्याचार के विरोध में मंगलवार को सर्व हिंदू समाज गरियाबंद द्वारा नगर के गांधी मैदान गरियाबंद में दोपहर तीन बजे से धर्मसभा और विशाल रैली का आयोजन किया गया है। धर्मसभा के बाद रैली निकाल प्रधानमंत्री एवम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 5 को

**गरियाबंद।** जिले के अंतर्गत निर्मित लघु सिंचाई जलाशयों में उपलब्ध जल से खरीफ वर्ष 2024-25 में खरीफ सिंचाई का लक्ष्य एवं उपलब्धि की समीक्षा के लिए जिला उपयोगिता समिति की बैठक 5 दिसंबर को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिले के जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा एवं रबी सिंचाई दलहन-तिलहन के लिए चर्चा की जायेगी। बैठक में समिति के सदस्यों सहित विभागीय अधिकारीगण शामिल होंगे।

### प्रैक्टिकल परीक्षा व प्रोजेक्ट 10 जनवरी से

**महासमुंद।** सीजी बोर्ड के तहत दसवीं-बारहवीं के छात्रों के लिए प्रैक्टिकल एग्जाम और प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षा 10 जनवरी से शुरू होगी। यह परीक्षा 31 जनवरी तक संबंधित स्कूलों में आयोजित की जाएगी। इसके अनुसार अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के लिए दोबारा प्रैक्टिकल आयोजित नहीं होगा। दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षा अगले साल मार्च में होगी। इसके लिए समय-सारिणी जल्द जारी होगी।

### एनडीआरएफ का संयुक्त मॉक ड्रिल 6 को

**महासमुंद।** बाढ़ जैसी आपदा स्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के सहयोग से दो दिवसीय अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 05 दिसंबर 2024 को बाढ़ बचाव परिदृश्य पर आधारित टेबल टॉप बैठक और 6 दिसंबर 2024 को संयुक्त मॉक ड्रिल किया जाएगा। जिले में मॉक अभ्यास के आयोजन के लिए एनडीआरएफ की 20-25 सदस्यीय टीम एक राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में 4 दिसंबर 2024 को महासमुंद पहुंचेगी। यह टीम बाढ़ बचाव तकनीकों और आपदा प्रबंधन के कुशल संचालन के लिए आवश्यक तैयारियों पर फोकस करेगी।

# स्वास्थ्य केंद्र उरमाल में 30 दिनों के भीतर 102 प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के चलते लोगों का शासकीय अस्पताल के प्रति बढ़ा विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ज्यादातर सरकारी अस्पतालो में असुविधा और लापरवाही के कारण लोग इलाज कराने निजी अस्पतालो की ओर जाना पसंद करते हैं। वहीं जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दुरस्त वनांचल में बसा ग्राम उरमाल स्थित शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ने 30 दिनों के भीतर 102 सफल डिलवरी करवाने का रिकार्ड अपने नाम किया है। साथ ही एक नया किर्तिमान स्थापित किया है। डिलवरी जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का शासकीय अस्पताल के प्रति अब विश्वास बढ़ता जा रहा है।

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 55 किलो मीटर दूर मैनपुर विकास के ग्राम उरमाल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक माह के भीतर नवम्बर माह में 102 प्रसव डिलवरी करवाकर यह प्राथमिक केन्द्र प्रदेश स्तर पर अपना एक अलग पहचान बनाया है। मतलब प्रतिदिन 3 से ज्यादा प्रसव कर मां और बच्चे को सुरक्षित रखने में सफलता हसिल किया है जबकि इतनी संख्या में तहसील मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में भी नहीं हो पाया है। यही वजह है कि अफसरो के अलावा क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि भी अस्पताल प्रबंधन उरमाल की प्रसंशा करते नहीं थकते। मिली जानकारी के अनुसार नवंबर 2024 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उरमाल में 102 सफल प्रसव डिलवरी कराया गया है। इस अस्पताल के ग्रामीण ▶▶|शेष पेज 8 पर



### प्रतिमाह 10 प्रसव का टारगेट

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उरमाल के ग्रामीण चिकित्साक सहायक सनत कुम्भकार ने बताया की प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को प्रतिमाह 10 प्रसव डिलवरी का टारगेट रहता है। उन्होने बताया की हमारे उरमाल प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में नवंबर 2024 में 102 लोगों की सफल डिलवरी प्रसव किया गया है। कुछ सिजर वाले मामले को जिला मुख्यालय गरियाबंद रिफर किया गया। नहीं तो हमारा आकड़ा 110 के ऊपर होता। डॉ. कुम्भकार ने बताया क्षेत्र के लोगों को इस सरकारी अस्पताल के प्रति काफी विश्वास देखने को मिलता है और अभी तक सब ठीक है सभी का अच्छा सहयोग है हमारे अस्पताल में 102 एम्बूलेंस की भी सुविधा है। उन्होने बताया हमारे प्रथमिक स्वास्थ्य के अंदर 6 सेक्टर आते है।

**कार्रवाई :** लंबे समय से चल रहा है इलाके में अवैध तरीके से खाद खपाने का खेल

# बिना टैक्स पटाए 130 क्विंटल मक्के का परिवहन ओडिशा व्यापारी पर 16 हजार रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ वनांचल भुतबेड़ा क्षेत्र से ले जा रहे थे मक्का

कृषि उपज मंडी में एक बार फिर अवैध कारोबारियों के खिलाफ अपनी तलवार चलाते हुए बड़ी कार्यवाही की है। महंगे खाद थमा कर सस्ते में मक्का ले जाने वाला ओडिसा के गल्ला कारोबारी मंडी विभाग को भी चुना लगा रहा था। बगैर टेक्स पटाए 130 क्विंटल मक्का ले जाते मंडी की टीम ने दबोच 15720 रुपए जुर्माना ठोका। लंबे समय से चल रहा है इस इलाके में अवैध तरीके से खाद खपाने का खेल कृषि उपज मंडी गरियाबंद के सचिव सौरभ शर्मा शनिवार को अपने टीम के साथ मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्त वनांचल शोभा इलाके के निरीक्षण में पहुंचे थे। भूतबेड़ा शोभा मार्ग में उनकी नजर ट्रक क्रमांक ओडी 16 ई 7507 पर पड़ी। वाहन में बैठे कारोबारी पंकज विश्वास इस ट्रक में 130 क्विंटल मक्का लोड किया हुआ था। जिसे मैनपुर विकासखण्ड के भूतबेड़ा के अंदरूनी गांव से लिया गया था। कारोबारी मक्का को नवरंगपुर जिले के ऊमरकोट ले जा रहा था लेकिन मक्का परिवहन का मंडी शुल्क नहीं कटाया था। मंडी प्रसाशन ने पंकज विश्वास के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इससे 5 गुना मंडी शुक्ल 15720 रुपए वसूल रसीद थमा दिया। इस कार्रवाई में मंडी उपनिरीक्षक रजनीकांत तिवारी, नजमुद्दीन खान की अहम भूमिका रही है।

### ट्रकों से होती है खाद की सप्लाई

मैनपुर उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र में ओडिसा सीमा से लगे 20 से ज्यादा गांव में 5 हेक्टर में मक्के का उप्तादन पिछले कई साल से हो रहा है। ओडिसा के कारोबारी धमतरी के खाद कारोबारी से साठ- गांठ कर बुआई सीजन में इन गांव के किसानों को खाद घर पहुंचा कर देते है। नियम विरूद्ध खाद के इस कार्यवाही में कृषि विभाग जान बूझ कर अनजान बनी होती है। खाद ट्रकों में सप्लाई होती है। किसान से मौखिक करार पर उधारी दे कर ओडिसा के कारोबारी खाद में प्रति बोरा 200 से 500 का मुनाफा कमा लेते हैं। इसी खाद के बदले फिर उनसे सीजन में मक्का ले लेते हैं। मक्का की कीमत इस बार 2500 रुपए से पार है फिर पहले हुए करार के चलते किसान कम दाम पर मक्का बेच रहे हैं। उमरकोट नवरंगपुर व रायगढ़ ओडिसा से आधा दर्जन कारोबारी इस काम में लिप्त हैं किसानों को चुना लगाने वाले कारोबारी बगैर मंडी शुल्क के उपज चोरी छिपे ले जा कर शासन को भी चुना लगा रहे थे।





### खाद भरा ट्रक पकड़ाया था पर कृषि विभाग ने कार्रवाई नहीं की

अप्रैल 2023 में अभ्यारण्य के भीतर अमाड गांव में खाद से भरा यह ट्रक कृषि विभाग की टीम ने पकड़ी थी। जांच में पता चला था कि ओडिसा के कारोबारी द्वारा धमतरी पासिंग वाहन से धमतरी के लाइसेंसी कारोबारी को एलॉट बेच की डीएपी जंगल में बिकने आई थी। इसी समय खुलासा हुआ था कि ओडिसा के कारोबारी गैर कानूनी ढंग से खाद को खपा कर पहले मुनाफा कमाते है। घर पहुंच और उधारी के सेवा के बदले सस्ते में मक्के का सौदा 6 माह पहले से कर लेते हैं। हैरानी की बात है कि इस बड़े खुलासे के बावजूद उस समय कृषि विभाग ने इस अवैध खाद से भरे वाहन पर कोई कारवाही नहीं किया था। पकड़े जाने के बाद कारोबारी रातोरात गांव में खाद खपा कर बेखौफ हो कर ट्रक ले गया। इस सीजन से पहले भी इसी खेल की पुनरावृति ने मैनपुर कृषि विभाग और जिले के निगरानी अमले पर कई सवाल खड़े कर गया। मंडी सचिव ने सौरभ शर्मा ने कहा कि जानकारी लगने के बाद आप दो- दो उपनिरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। मंडी शुल्क नहीं पटाने वालों पर कार्यवाही जारी रहेगी।

# जिला चिकित्सालय में पदस्थ सिविल सर्जन डॉ. हेला निलंबित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ विधायक की शिकायत पर की गई कार्रवाई

जिला चिकित्सालय में पदस्थ सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके हेला को छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने निलंबित कर दिया है। राजिम विधायक रोहित साहू ने हाल ही में राज्योत्सव के दिन देर रात जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान अस्पताल में अव्यवस्था और लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया। निरीक्षण में यह पाया गया कि डॉ. हेला जिला मुख्यालय के बजाय अन्यत्र निवास कर रहे थे। इसके अलावा मरीजों और स्टाफ की ओर से कई शिकायतें मिलीं, जिनमें डॉ. हेला के व्यवहार और कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए। विधायक ने इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से कार्रवाई की मांग की थी। विधायक ने कहा कि अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं का खामियाजा मरीजों और आम जनता को भुगतना पड़ रहा था। शासन ने मामले की जांच के बाद डॉ. हेला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया ▶▶|शेष पेज 8 पर

## खुटेरी में उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग

**छुईहा बेलर।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुटेरी के निवासियों ने विधायक रोहित साहू संसदीय से मुलाकात कर गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र खुलवाने की गुहार लगाई है ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधा आसानी से मिल सके। इस ग्राम के आसपास सिरींखुर्द, खुडियाडिहि, बिजली, मडवाडिहि गांव है। लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए फिलाहल कुण्डेल या फिगेंश्वर के पर आश्रित हैं। रविवार को ग्राम खुटेरी के सरपंच लक्ष्मी साहू, पंच फुलेश्वरी निषाद, ▶▶|शेष पेज 8 पर



## शिकायत पर कार्रवाई, पटवारी ने की जमीन की जांच

**मुड़ागांव(कोरासी)।** आदिवासी बाहुल्य विकाससाण्ड छुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़मा के तहत ग्राम खड़मा-रानीपरतेवा मार्ग पर शासकीय घास जमीन को काबिज कर ग्राम खड़मा निवासी विरेन्द्र साहू के द्वारा अतिक्रमण कर अवैधानिक रूप से भवन दुकान निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिस पर ग्रामीणों द्वारा उक्त निर्माण कार्य को नहीं करवाने के संबंध में ग्रामवासियों के द्वारा जमीन की जांच करने के लिए जिले के कलेक्टर, तहसीलदार, एसडी एम सहित क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू को आवेदन दिया गया। जिसमें कार्रवाई की गई और भवन निर्माण स्थल आरआई मैडम और पटवारी द्वारा जगाह की नाप जोक ▶▶|शेष पेज 8 पर



## मौसम बदलने से धान खरीदी प्रभावित

**नर्रा।** चक्रवात फेंगल के प्रभाव से मौसम ने करवट ली वही जिले के बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा बार्डर से लगे अंचल में बादल छाए रहने से शनिवार को सुबह से रुक-रुक कर बारिश हुई। इसके कारण दूसरे दिन रविवार और सोमवार को भी आसमान पर बादल छाए रहे। इसका प्रभाव धान कटाई व मिंजाई के साथ ही बाड़ी में लगे सब्जियों पर असर पड़ा। बदले मौसम ने किसानों को भी परेशानी में डाल दी है। समिति के प्रभारियों से जानकारी लेने पर उन्होने बताया कि चक्रवात के कारण आसमान पर बादल छाए रहें, इसका असर धान खरीदी पर पडा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कोमाखान व मुनगासेर के अतर्गत आने वाले 14 उपार्जन उप खरीदी केंद्रों में कछारडीह और साल्हेभांठा खरीदी केंद्र में धान का आवक लेने पर खरीदी की गई वही अधिकांश केंद्र में खरीदी प्रभावित रहा है।

**रामकथा में शिव महिमा और भजनों से गूंज उठा गांधी मैदान**

# शिव विवाह की कथा ने भक्तों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गांधी मैदान में आयोजित रामकथा के दूसरे दिन शिव महिमा और भजनों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। अयोध्या धाम से पधारीं मानस विदुषी देवी चंद्रकला ने शिव विवाह की कथा सुनाते हुए अपनी वाणी और भजनों से उपस्थित जनसमुदाय को भक्ति में सराबोर कर दिया। "नंदी पे चढ़ के आया, भोले बाबा ने ब्याह रचाया" जैसे भजन पर सभी श्रोता झूम उठे। भूतों की टोली और नागों का हार पहनने वाले शिव के विवाह की कथा ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके और अजय रोहरा सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कथा स्थल के प्रवेश पर स्थापित अयोध्या के श्रीराम जैसी हूबहू प्रतिमा सभी भक्तों का ध्यान खींच रही है। यह प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, और लोग इसकी प्रशंसा करते नहीं थक रहे।

**शिव बारात के भजन पर झूमे श्रोता**



शिव महिमा से भक्तिमय हुआ माहौल

देवी चंद्रकला ने श्रीरामचरितमानस के दोहे और चौपाई के साथ शिव विवाह और राजा दक्ष के यज्ञ की कथा सुनाई। उनके मनमोहक भजनों ने गांधी मैदान को भक्तिमय बना दिया। रामकथा के तीसरे दिन श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन होगा। आयोजकों ने सभी माताओं से विशेष रूप से पीली साड़ियों में आने की अपील की है। शिव विवाह की कथा के साथ दूसरे दिन की कथा का समापन हुआ।


बोर खनन

राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम





बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000

छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000

100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है। बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।

बोर खनन के लिए संपर्क करें- मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने

मो. 7828297607,9009541542



पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# पांच नंबर में एडमिशन फिर भी नहीं मिले छात्र, बीएससी नर्सिंग की ढाई हजार से ज्यादा सीटें लैप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सौ में महज पांच नंबर पाने वालों को भी एडमिशन देने की सुविधा के मिलने के बाद भी बीएससी नर्सिंग की ढाई हजार से ज्यादा सीटें खाली रह गईं। आईएनसी द्वारा तय तारीख समाप्त होने के बाद ये सीटें लैप्स हो गईं। कुछ ऐसा ही हाल एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग विषय का भी रहा, जहां क्रमशः ढाई सौ और अस्सी सीटें खाली रह गईं।

नर्सिंग की पढ़ाई की इच्छा रखने वालों की संख्या सीमित है, मगर प्रदेश में कॉलेजों की संख्या बेहद अधिक हो चुकी है। इसकी वजह से हर साल सीटों के खाली रह जाती है। राज्य में आठ शासकीय सहित करीब 122 कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग के पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। इस बार भी प्रवेश नियम में संशोधन किए जाने के बाद भी पूरा एडमिशन नहीं हो पाया। पांच नंबर पाने वाले को भी पात्र किए जाने के बाद नया आवेदन बुलाया गया था, इस दौरान नर्सिंग कॉलेजों में 4775 सीटें खाली थीं। निजी कॉलेज प्रबंधन को उम्मीद थी कि इनमें से 80 प्रतिशत सीटों पर एडमिशन हो जाएगा, मगर अनुमान वास्तविकता के विपरीत हो गया। आवेदन करने वालों की संख्या 2215 पर सिमटकर रह गई। इसमें से 98 प्रतिशत लोगों ने प्रवेश लिया, लेकिन सीटों का फुल होना संभव नहीं था।

इस बार नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ाई करीब ढाई हजार कम विद्यार्थियों के साथ पूरी की जाएगी। इसी तरह एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग विषयों का हाल भी कुछ अच्छा नहीं है। नए आवेदन के पहले एमएससी की 306 तथा पोस्ट बेसिक की 134 सीटें खाली थीं। अंतिम दिन बीतने के बाद एमएससी की 252 और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 79 सीटें खाली रह गईं।

## संशोधन के बाद मंगाए थे नए आवेदन, 98 फीसदी ने लिया प्रवेश

हरिभूमि फॉलोअप

### खामियां ही खामियां

प्रदेश में मौजूद नर्सिंग कॉलेजों की संख्या काफी अधिक है। इनमें सुविधाओं का अभाव होने की बातें भी सामने आती हैं। कॉलेजों की क्वालिटी और मौजूदा सुविधाओं का हर साल गठित समिति निरीक्षण करती है। शुरुआती दौर में कमियों की बात सामने आती है, फिर समझाइश और चेतावनी जैसी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें प्रवेश की अनुमति दे दी जाती है।



### नर्सिंग कालेजों में बीएससी की 4700 सीटें खाली, एडमिशन के लिए हरी झंडी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक से बेहद कम एडमिशन के बाद नर्सिंग कालेजों में खाली बची 47 सौ सीटों पर एडमिशन के लिए परसेंटाइल की बाध्यता समाप्त करने अनुमति का इंतजार है।

इसके लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा भारतीय नर्सिंग काउंसिल को चिट्ठी भेजी जा चुकी है। आईएनसी अगर दिए गए तर्कों को नकार देती है, तो कई निजी कालेजों में ताले लगने की नौबत आ जाएगी। भारतीय नर्सिंग काउंसिल द्वारा अपने नियम के अनुसार प्रवेश परीक्षा में 50 प्रतिशत न्यूनतम अंक प्राप्त करने वालों को बीएससी नर्सिंग में एडमिशन का पात्र किया गया था। इस आधार पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्ट्रे वेकेंसी राउंड के साथ नया पंजीयन के आधार पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर चुका है। करीब ढाई हजार सीटों पर ही एडमिशन हो पाया है और करीब 4700 सीटें बाकी हैं। इतनी बड़ी संख्या में सीट रिक्त होने की वजह से निजी कालेज प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है और आईएनसी के नियम में संशोधन कराने वे जोड़ तोड़ में लगे हुए हैं।

उनके निवेदन पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय न्यूनतम अंक की बाध्यता समाप्त करने पत्र भेजकर नर्सिंग काउंसिल की सहमति का इंतजार कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि अगर नर्सिंग काउंसिल अपने नियम में संशोधन के लिए तैयार नहीं होती है, तो कई निजी कालेज बंद होने की स्थिति में आ सकते हैं। राज्य में शासकीय कालेजों के साथ राज्य में सौ की संख्या में निजी कालेज हैं जो बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम का संचालन करते हैं।

#### चिकित्सा शिक्षा संचालनालय जीरो परसेंटाइल करने भेज चुका चिट्ठी

**इस सप्ताह अनुमति के आसार**

चिकित्सा शिक्षा संचालक द्वारा अपने पत्र में खाली सीटों पर एडमिशन के लिए जिस तरह का हवाला दिया गया था, उससे आईएनसी द्वारा प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक की बाध्यता समाप्त करने की अनुमति जारी करने की संभावना है। आईएनसी पिछले तीन-चार वर्षों से न्यूनतम अंक के नियम शिथिल करती है। माना जा रहा है कि इस सप्ताह जीरो परसेंटाइल से प्रवेश की अनुमति मिल सकती है। नर्सिंग पाठ्यक्रम में एडमिशन की अंतिम तारीख 30 नवंबर निर्धारित है।

**बाकी विषय में भी कम एडमिशन**

बीएससी नर्सिंग के अलावा, एमएससी तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में भी पचास फीसदी सीटों पर ही एडमिशन हुआ है। इन विषयों में भी प्रवेश के लिए बनाए गए नियम में संशोधन की मांग उठ रही है। इसके लिए निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को पत्र प्रेषित किया गया था। इस आधार पर विभागीय स्तर पर अभिमत मांगा गया है।

- नर्सिंग की पढ़ाई की इच्छा रखने वालों की संख्या सीमित है, मगर प्रदेश में कॉलेजों की संख्या बेहद अधिक हो चुकी है

## खबर संक्षेप



### अमलीडीह पुलिस कॉलोनी में मनाया संविधान दिवस

**रायपुर।** देश के संविधान को 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पुलिस कॉलोनी अमलीडीह में विगत दिनों संविधान दिवस को हीरक जयंती के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता, विश्व रत्न डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और बड़ों के लिए क्विज प्रतियोगिता, बच्चों के लिए चित्र प्रतियोगिता, ग्रुपिंग डांस, संविधान से संबंधित स्पीच कार्यक्रम रखा गया था। साथ ही महिलाओं का सरपंच की भूमिका में उनके अधिकार और कर्तव्य, पुरुषों के लिए जनप्रतिनिधि के तौर पर उनके अधिकार तथा कर्तव्य एवं अन्य विषयों पर व्याख्यान हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों और बड़ों को कप और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीप्ति बंजारे, सुरेंद्र चंद्रा, महेश बंजारे, रामकुमार कुर्रे, दिवाकर, प्रमित पाल साहू, राकेश सिंह, भुवनेश्वरी एवं अन्य उपस्थित थे।

### महिलाओं के लिए मेंहदी क्लास का आयोजन



**रायपुर ।** केयर स्किल फाउंडेशन, महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से, एक विशेष मेंहदी कला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। यह कार्यशाला न केवल महिलाओं को एक पारंपरिक कला सिखाने का अवसर देगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने में भी मदद करेगी। लक्ष्यः महिलाओं और युवाओं को मेंहदी कला में प्रशिक्षित करना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मेंहदी कला की ट्रेनिंग। पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइनों पर फोकस। सभी प्रतिभागियों को निशुल्क प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र। यह कक्षा 18 नवंबर 2024 को ग्राम-कोलर, वि.ख.- अभनपुर, जिला-रायपुर में प्रारंभ हुआ था।

### शिवसेना शिंदे गुट की बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में विगत दिनों शिवसेना छत्तीसगढ़ शिंदे गुट की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में आगामी हिंदू राष्ट्र को लेकर दिल्ली धरना, नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में चर्चा की गई। साथ ही प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने रायपुर में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की, जिसमें शिवसेना के जिला महासचिव गोविंद साहू, जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू, जिला सचिव सोनू साहू को बनाया गया। इसी प्रकार कामगार सेना के जिला सचिव लीलाधर यदु, सचिव जीतेंद्र ध्रुव, धरसींवा सचिव टामन साहू के अलावा युवा सेना के सचिव निखिल बिसेन, पीयूष बिसेन को ग्राम अम्लेश्वर अध्यक्ष युवा सेना के पद पर नियुक्त किया गया। बैठक में प्रदेशभर से सैकड़ों की संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित रहे।

## खाड़ी की नमी का सर्वाधिक असर मध्य हिस्से में

# सर्द हुआ मौसम... बादलों से सात डिग्री लुढ़का पारा, रिमझिम फुहारों से शीत दिवस का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव में प्रदेश का मौसम बदला हुआ है। छाए बादल, हवा की अधिक गति और पड़ रही फुहारों की वजह से राजधानी का तापमान सात डिग्री नीचे जाने से शीत दिवस की स्थिति बन गई है। दोपहर बाद राजधानी में भी हल्की वर्षा का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा।

चक्रवात फेंगल के तटीय इलाके में आने की वजह से राज्य का मौसम पूरी तरह बदल चुका है। इसका ज्यादा असर रायपुर समेत मध्य तथा रायगढ़ सहित उत्तरी हिस्से में ज्यादा हुआ है। रविवार सुबह से छाए बादल और होने वाली बूंदाबांदी की वजह से सूरज के दर्शन नहीं हुए। चल रही ठंडी हवाओं से माहौल बदला रहा और लोगों को दिन में गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, रायगढ़ और बलौदाबाजार में रात से हल्की बारिश शुरू हो गई थी और रायपुर समेत आसपास के इलाकों में इसका प्रभाव रविवार को सुबह होने के बाद दिखाई पड़ा। राजधानी में सुबह के वक्त हल्की बौछारें पड़ीं, जिसकी वजह से दिन का तापमान चढ़ना शुरू नहीं हो पाया। दोपहर होने के बाद यहां फुहारों का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। बदली-पानी की वजह से रायपुर शहर का तापमान सामान्य से सात और माना का पारा सामान्य से आठ डिग्री कम दर्ज किया गया, जिससे यहां कोल्ड डे की स्थिति बनी रही।





### सर्दी या बारिश के कपड़े

राजधानी में सुबह से तापमान कम होने की वजह से लोगों ने स्वेटर, जैकेट जैसे गर्म कपड़ों का उपयोग किया था। दोपहर से शुरू हुई फुहारों का दौर करीब तीन घंटे तक जारी रहा। इससे लोगों को यह समझ में नहीं आया कि आवाजाही करने के दौरान ठंड से बचने के कपड़े पहनें अथवा भीगने से बचने बरसाती कपड़े का उपयोग करें। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नवंबर-दिसंबर के दौरान इस तरह की स्थिति अक्सर बनती है।

### दोपहर बाद फुहारों का दौर देर शाम तक जारी रहा





### आज बदलाव नहीं

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, बारिश होने की वजह से रायपुर समेत उत्तरी हिस्सों में सुबह के वक्त कोहरा रहने की उम्मीद है। सोमवार को भी मध्य हिस्से में फुहार और बस्तर में गरज-चमक के साथ अनेक स्थानों पर वर्षा होने का अनुमान है। 3 दिसंबर से सरगुजा संभाग में छाए बादल छंटने शुरू होंगे, जिससे वहां न्यूनतम में गिरावट और अधिकतम तापमान में वृद्धि प्रारंभ होने की उम्मीद है। मध्य हिस्से में दूसरे सप्ताह से रात में ठंड बढ़ने की संभावना है।

**ऐसा रहा मौसम**

| शहर | अधिकतम | अंतर | न्यून. तापमान | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 22.8 | -6.9 | 18.8 | +3.3 |
| माना | 21.6 | -8.2 | 19.2 | +3.9 |
| बिलासपुर | 27.4 | -1.2 | 17.6 | +2.3 |
| पेंड्रा | 26.3 | -0.6 | 12.2 | -0.5 |
| अंबिकापुर | 26.9 | +2.3 | 10.4 | -0.5 |
| जगदलपुर | 26.8 | -2.5 | 21.0 | +8.0 |

# कान्हा का बाघ चार सौ किलोमीटर चलकर पहुंचा एटीआर को बनाया ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- कान्हा में जनवरी-फरवरी में कैमरे में ट्रैप हुआ था बाघ
- बाघ की पहचान कान्हा के टी-200 के रूप में हुई है

मध्यप्रदेश स्थित कान्हा टाइगर रिजर्व के बाघ को छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व में देखे जाने की पुष्टि मध्यप्रदेश के वन अफसर कर रहे हैं। बाघ की पहचान कान्हा के टी-200 के रूप में अफसर कर रहे हैं। कान्हा के बाघ का एटीआर में देखा जाना एक शुभ संकेत है। इससे बाघों के कॉरिडोर की मजबूती को बल मिलता है। मध्यप्रदेश के वन अफसर के मुताबिक, बाघ 400 किलोमीटर की दूरी तय कर कान्हा पहुंचा है।

कान्हा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पुनीत गोयल के अनुसार, अचानकमार टाइगर रिजर्व में लगाए गए कैमरों में एक नया बाघ स्पॉट हुआ। इसके बाद उन्होंने एनटीसीए में बाघ की आईडी जनरेट करने की कार्रवाई की। जहां इसकी पहचान कान्हा के बाघ टी-200 के तौर पर हुई। यह बाघ कान्हा के कैमरों में जनवरी-फरवरी में ट्रैप हुआ था और उसके बाद इसकी आईडी जनरेट हुई।

### आवाजाही से जेनेटिक लाभ

जानकारों के मुताबिक, कॉरिडोर से किसी भी प्रजाति के वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ती है तो जीन फ्लो होता है। इस जीन डाइवर्सिटी से जेनेटिक में फायदा होगा। जलवायु परिवर्तन या कोई बीमारी फैलती है तो जितनी जेनेटिक विविधता होगी, प्रजाति के उतनी ही अधिक बचे रहने की संभावना रहेगी।

### संख्या बढ़ाने कॉरिडोर को मजबूत करने की जरूरत

गौरतलब है कि राज्य के अचानकमार के साथ इंद्रावती तथा गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व में पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र टाइगर रिजर्व के बाघ नियमित रूप से यहां आवाजाही करते हैं। बाघ जिस रूट से आवाजाही करते हैं, उनमें कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां लोग कृषि कार्य करने के साथ रहवासी क्षेत्र के रूप में उपयोग कर रहे हैं। राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने शासन के साथ वन विभाग को बाघ का कॉरिडोर मजबूत करने की जरूरत है। साथ ही वनों में जिन लोगों ने अवैध कब्जा किया है, उन्हें बेदखल करने की जरूरत है।

# साइंस कॉलेज चौपाटी के 64 स्टॉल आमानाका ओवरब्रिज वेंडिंग जोन में करेंगे शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- जोन-7 ने 5 दुकानों का किया विस्थापन, बाकी की शिफ्टिंग जल्द
- स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 5 करोड़ खर्च कर सालभर पहले बनवाई स्मार्ट चौपाटी

राजधानी के जीई रोड स्थित साइंस कॉलेज मैदान में बनाई गई चौपाटी के स्टॉल अब आमानाका ब्रिज के नीचे बन रहे वेंडिंग जोन में शिफ्ट किए जाएंगे। नगर निगम जोन 7 की टीम ने शनिवार को 5 बंद पड़े स्मार्ट कियोस्क को क्रेन की मदद से ओवरब्रिज के नीचे शिफ्ट कराया। बाकी के स्टॉल को जल्द विस्थापन कर नए वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराया जाएगा। स्मार्ट चौपाटी में खानपान के 64 स्टॉल संचालित हैं।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा साइंस कॉलेज खेल मैदान के सामने 5 करोड़ खर्च कर बनवाई गई चौपाटी सालभर भी संचालित नहीं हो पाई। चर्चित चौपाटी के खानपान के स्टॉल हटाने का काम नगर निगम जोन-7 ने शुरू कर दिया है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहना है, 10 दिन के अंदर बाकी स्टॉल भी नए वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराए जाएंगे। अधिकारियों का यह दावा है कि खाली कराई जाने वाली जगह पर युवाओं के लिए यूथ हब जैसी सुविधा विकसित कराई जाएगी। इधर चौपाटी में किराए पर लेकर खानपान का स्टॉल चलाने वाले वेंडरों में निगम के रवैये को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

### 25 से 30 हजार हर माह देने वालों को झटका

राजधानी के प्राइम लोकेशन पर स्थित साइंस कॉलेज चौपाटी में जिन लोगों के एक-एक स्टॉल का 25 से 30 हजार रुपए प्रति महीने किराया देकर कारोबार शुरू किया, उन्हें इससे बड़ा झटका लगा है। सूत्रों के मुताबिक, चौपाटी से बेदखल छोटे कारोबारियों में निगम के रवैये को लेकर आक्रोश व्याप्त है। भुक्तभोगियों का कहना है, शुरू में 2- 3 माह तक किराया तक नहीं निकाल पाए थे, जब लोगों का चौपाटी में आना-जाना बढ़ने लगा तो हमें चौपाटी से बेदखल किया जा रहा है, यह गलत है। कुछ लोगों का ये भी कहना है, मुख्य मार्ग में व्यवसाय की संभावना को देखते हुए उन्होंने छोटे पैमाने पर कारोबार शुरू किया था, अब जिस जगह पर उनके खानपान के स्टाल को शिफ्ट किया जा रहा है, वहां तो दुकान का किराया निकलना मुश्किल हो जाएगा।

### 10 दिनों में होगी शिफ्टिंग

साइंस कॉलेज के सामने स्थित चौपाटी को आमानाका ओवरब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जा रहा है। दस दिनों तक यह शिफ्टिंग चलेगी। खाली कराई जा रही जगह पर युवाओं के लिए नई सुविधा विकसित करेंगे।

**- पीके पंचायती,** अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### विवादों में रही साइंस कॉलेज की स्मार्ट चौपाटी

विदित हो, 2022-23 में एजुकेशन हब वाले एरिया में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 5 करोड़ की लागत से बनवाई खासी चौपाटी का खास विरोध भी हुआ। भाजपा नेताओं ने इसका विरोध करते हुए प्रदर्शन भी किया। खासकर के पूर्व मंत्री व क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने एजुकेशन हब चौपाटी बनाने का विरोध करते हुए जीई मुख्य मार्ग के सड़क किनारे पंडाल लगाकर भाजपा पार्षदों के साथ धरना भी दिया। यहीं नही एजुकेशन हब में चौपाटी बनाने को लेकर दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री से शिकायत की गई। इसके बाद भी चौपाटी निर्माण बंद नहीं हुआ। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद यह चौपाटी ज्यादा दिन नहीं चल पाई।

# रिंगरोड-हाईवे पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- शंकर नगर, पंडरी में अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई
- चार सौ से ज्यादा वाहन चालकों का चालान

एसएसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने हाईवे तथा रिंगरोड पर एक्सीडेंट रोकने सर्विस रोड पर खड़ी गाड़ियों के मालिकों के खिलाफ नो पार्किंग की कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस ने चार सौ से ज्यादा वाहन चालकों तथा मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस ने रिंगरोड-1 तथा 2 के साथ ही हाईवे से सटे सर्विस रोड पर वाहन पार्क करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, रिंगरोड में नो पार्किंग एरिया में खड़े 70 वाहन मालिकों तथा चालकों से जुर्माना वसूला गया है। इसमें ट्रक से लेकर ऑटो, बस तथा अन्य मालवाहक वाहन शामिल हैं। इसी तरह ट्रैफिक पुलिस ने निगम कर्मियों के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पंडरी तथा शंकरनगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, रोड पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों की वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस कारण अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## चार संभागों को मिले 83 चिकित्सा अधिकारी

**स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की पहल पर संविदा नियुक्ति आदेश जारी**

**रायपुर।** रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 83 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर रायपुर को 31, दुर्ग को 27, बिलासपुर को 22 तथा सरगुजा को 3 डॉक्टर मिले हैं। एमबीबीएस और एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी कर चुके चिकित्सकों को संविदा आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्ति दी जा रही है। इससे लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए बड़े अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी दौर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं।

# किरायेदारों को किफायती आवास योजना, नगर निगम ने दो साल में बांटे 9 हजार ईडब्लूएस फ्लैट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- राज्य शासन को 190 करोड़ का हितग्राही अंशदान मिलेगा
- नगर निगम के टैक्स में होगी वृद्धि, 9 हजार नए करदाता जुड़ेंगे

शहर में किराए के मकान में रहने वाले 9 हजार परिवारों को नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किरायेदारों को किफायती आवास स्कीम में 2 साल में 9 हजार बहुमंजिला ईडब्लूएस फ्लैट उपलब्ध कराए हैं। इससे जहां हजारों परिवारों को किराए के मकान में रहने से मुक्ति मिली है, वहीं हितग्राही अंशदान के रूप में राज्य शासन को 190 करोड़ रुपए मिलेंगे। जबकि नगर निगम के राजस्व के नए वित्त वर्ष से 9 हजार नए करदाता जुड़ेंगे। इससे नगर निगम को करों के रूप में एक निश्चित रकम मिलनी शुरू हो जाएगी।

दरअसल रायपुर नगर निगम के 10 जोन में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के हितग्राहियों को शासन की योजना के तहत पक्के आवास उपलब्ध कराने नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 हजार से अधिक बहुमंजिला ईडब्ल्यूएस आवास का निर्माण कराया, जिसमें नियमानुसार झुग्गी बस्ती व्यवस्थापन के तहत पात्र परिवारों को पक्के आवास में विस्थापित करने की योजना रही। एक अरसे तक संबंधित आवासों में प्रभावित परिवारों का विस्थापन नहीं होने से ये आवास खाली रह गए। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने खाली पड़े ईडब्ल्यूएस आवास को खंडहर होने से बचाने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किरायेदारों के लिए किफायती आवास स्कीम के तहत शहर के अलग-अलग लोकेशन पर निर्मित ईडब्लूएस आवास का आवंटन करने ऑनलाइन आवेदन पत्र मंगाए गए। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 11 हजार रिक्त ईडब्ल्यूएस आवास में से 9 हजार ईडब्लूएस आवास नियम के तहत ऑनलाइन आवेदन मंगाकर दस्तावेजों की जांच उपरांत पात्र हितग्राहियों को लॉटरी निकालकर आवंटित किए गए हैं। इससे पिछले 2 साल में 190 करोड़ रुपए हितग्राही अंशदान के रूप में राज्य शासन को 190 करोड़ रुपए मिलेंगे।

### पीएमवाई-2 के लिए 10 दिसंबर तक सर्वेक्षण

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना-1 में वर्ष 2015 तक पात्र हितग्राहियों का चयन कर पक्के आवास आवंटन में प्रमुखता दी गई। हाल ही में पीएमवाई-2 योजना का विस्तार करते हुए साल 2016 से 31 दिसंबर 2024 तक आवेदकों को इसमें मौका दिया गया है। योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने नगर निगम के दस जोन के 70 वार्डों में 10 दिसंबर तक सर्वेक्षण का कार्य निगम अमले द्वारा किया जा रहा है।

## पेज 7 के शेष...

### स्वास्थ्य केंद्र उरमाल...

चिकित्सक सहायक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सनत कुम्भकार, स्टॉप नर्स तेजस्वी साहू, भानुमति ध्रुर्वा, ए एनएम डोम, कुमारी दिवान, लेब टेक्नीसियन प्रेमलाल सिन्हा, फार्मसिट तुलसी राम सिन्हा, भागवती साहू, टिकेश्वरी साहू, हिमांशु सोनवानी, चन्द्रकांता एवं चोहन अस्पताल के पूरे स्टाप के अथक प्रयास से इस अस्पताल को एक नई पहचान मिली है। जबकि अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की बात करें तो अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में कई जगह 4-20 लोगों की डिलवरी का आकड़ा मिलता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उरमाल को सफल डिलवरी के मामले में जहां पूरे गरियाबंद जिले में एक अलग पहचान मिला है वही अन्य प्रदेश ओड़िसा में भी इस अस्पताल की सफलता की चर्चा सूनी जाती है।

**भवन जर्जर, बरिश के दिनों में पानी का होता है रिसाव-** मैनपुर विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उरमल की भवन बेहद जर्जर स्थिति में है। यहां बरिश के दिनो में पानी का रिसाव होता है और यहां के स्वास्थ्य अमला के लगन और के कारण स्वास्थ्य सुविधा काफी बेहतर है। शासन को चाहिए कि इस अस्पताल मे मूलभूत बुनियादी सुविधाओं को जल्द उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

### जिला चिकित्सालय...

है। इस पर विधायक रोहित साहू ने कहा की राज्य सरकार सुशासन और जनकल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कोई भी अधिकारी यदि जनहित के स्थान पर स्वहित को प्राथमिकता देगा, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। अब जिले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**अस्पताल में सुधार की पहल-** विधायक ने आगे कहा कि सरकार आम जनता के हितों और योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला अस्पताल में जल्द ही सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। यह मामला गरियाबंद जिले में प्रशासनिक सख्ती और सुशासन के प्रति राज्य सरकार की गंभीरता को दर्शाता है।

### खुटेरी में उपस्वास्थ्य...

उषा साहू, मितानिन कांति ध्रुव, लता सेन, हाई स्कूल अध्यक्ष द्वारिका साहू, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि येनसिंग साहू, लीलाराम सेन, लुकेश्वर ध्रुव, लिक्कू साहू, युवा नेता बेनी शंकर साहू ने विधायक से मुलाकात कर गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग पत्र सौंपा गया। जिस पर विधायक ने शासन को कार्यवाही के लिए आश्वासन दिया है।

### शिकायत पर कार्रवाई...

किया गया। जिसमें जमीन सही पाया गया। शासकीय रिकार्ड के आधार पर जहां मकान निर्माण कर रहा है वह सही है। उक्त निर्माण कार्य पर ग्रामीण शासन द्वारा निर्माण किए गए गौरव पथ को तोड़ कर मकान बना रहे हैं। उसकी जांच करने की मांग की है। वहीं जांच के दौरान उक्त जमीन की पट्टा नहीं होने की बात कही गई और यह जमीन काबिज जमीन बताया गया। उक्त जांच के दौरान राकेश साहू, गौरव नंदे, मुन्ना बंजारे, रेखचंद साहू, त्रिलोचन साहू, मनहरन, अवध राम साहू, लक्ष्मीदास सोनवानी, इन्द्रजीत नंदे आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### 300 कमार परिवारों को बांटे कंबल

**मैनपुर।** शीतलहर का मौसम आते ही गरीब असहायों के लिए सबसे बड़ी समस्या ठंड से बचने किए सोंचना होता है। शीतलहर व सर्द हवाओं के ठंड को देखते हुवे प्रत्येक वर्ष की भांति, इस वर्ष भी आज रविवार को आदिवासी ब्लॉक मैनपुर के ग्राम कवरआमा, नारीपानी, भालूकोन्हा, छिंदोला, डडईपानी, पथरएँ, डूमरघाट में 300 कमार परिवारों को कंबल, स्वेटर, साड़ी और छोटे बच्चों को स्वेटर, जंपिंग रोप, बेटबॉल, बैडमिंटन, थ्रोइंग प्लेट, बिस्किट, चॉकलेट, पैंसिल का वितरण किया गया। सर्द हवा के ठंड के बीच इन लोगों के पास पहाड़ी चढ़, कंबल और गर्म कपड़ा लेकर हरीश दुआ एवं साथी और खोज एवं जन जागृति समिति मैनपुर संस्था के कार्यकर्ता लोग पहुंचे तो महिलाओं, बच्चों और पुरुषों के चेहरों पर मुस्कान ला दी।

### किसानों की समस्या से होंगे रूबरू होंगे अमितेश

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 3 दिसंबर को धान खरीदी केंद्र चलो अभियान कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को जिलेवार प्रभारी बनाया गया है। गरियाबंद जिले के लिए प्रथम



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल को जिम्मेदारी दिया गया है। मंगलवार को प्राथमिक कृषक साख सहकारी समिति चरौदा के कुंडेल भाठा धान खरीदी केंद्र में दोपहर 1: 30 बजे पहुंच कर सोसायटी का निरीक्षण करेगें। इस मौके पर किसानों को धान खरीदी में हो रही समस्या से रूबरू होकर चर्चा करेगें। वहीं बेलर जोन, सेक्टर बोड़की, बिजली, सेंदर बेलर के काग्रेंस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी ताकत दिखायेगें। उक्त जानकारी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, जोन अध्यक्ष सुघरमल आड़े, सेक्टर अध्यक्ष नेतराम सिन्हा, दौलत यादव बिजली, दुर्गाप्रसाद सिन्हा ने दी। उन्होंने कुण्डेल खरीदी केंद्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील किया है।

## निधन

### पन्नालाल देववंशी

**गरियाबंद।** नगर के पन्नालाल देववंशी उम्र 55 वर्ष का सोमवार



को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे फुलकर्रा स्कूल में सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ थे। वे आशीष व शुभम देववंशी के पिता थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

क्रमांक /1557/अविअ/वा-1/2024

देवभोग, दिनांक 20.11.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ना.बा. स्वप्नील यदु पिता भंवर लाल यदु, जाति रावत, निवासी ग्राम झाखरपारा, तहसील देवभोग, जिला गरियाबद (छ ग.) के द्वारा ग्राम झाखरपारा, प.ह.नं. 24. रा.नि.मं. व तहसील देवभोग में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 654/3 रकबा 0.06 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज है, जिसे आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि परिवर्तित कर पुनः लगान निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव प्रस्तुत आवेदन के अनुसार आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 10.12.2024 समय 5.00 बजे तक मेरे समक्ष स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त आपत्तियां पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं समक्ष प्राधिकारी, देवभोग

**समारोह : पटेवा में गोदाम लोकार्पण, उचित मूल्य की दुकान भूमिपूजन एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ**

# सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं कर रही है संचालित : विधायक इंद्रकुमार





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम पटेवा में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कार्यालय सह गोदाम लोकार्पण,उचित मूल्य दुकान भूमि पूजन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, अध्यक्षता पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू एवं विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, ग्राम पंचायत पटेवा के सरपंच भेनमती-राजू पाल के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नव मनोनीत प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष पटेवा दौवाराम साहू, नवापारा सोसायटी अध्यक्ष छन्नू साहू, पिपरौद सोसायटी अध्यक्ष किशन साहू, सुंदरकेरा सोसायटी अध्यक्ष गोपाल साहू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं, आप सभी को धीरज रखना होगा। भारतीय जनता पार्टी अपनी सभी वादों पर खड़ा उतर रही है। कहा कि अभनपुर विधानसभा में कुल 32 सोसाइटियां हैं जहां पर किसानों की सुविधाएं पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है, किसानों को धान बेचने के लिए टोकन की व्यवस्था पर बोलते हुए कहा कि यदि किसी किसान भाई का टोकन ऑनलाइन कटने में दिक्कत हो रही है या नहीं कट पा रहा है तो उनका ऑफलाइन भी टोकन काटा जाएगा, समिति प्रबंधकों को सीएम विष्णुदेव साय का निर्देश है कि जिन किसानों का ऑनलाइन टोकन नहीं कट पा रहा है उनका ऑफलाइन जल्द से जल्द काटे।

**किसानों के हित में काम कर रही है मोदी सरकार**

ऑनलाइन टोकन का सिस्टम का मुख्य उद्देश्य है कि किसानों को परेशानियों से बचाया जा सके लेकिन कहीं-कहीं यह शिकायत आ रही है कि ऑनलाइन टोकन नहीं कट पा रहा है। विधायक श्री साहू ने कहा कि हर घर में गौ माता का पालन जरूरी है, हम सबको गौ माता से दूध, दही, घी मिल रही है। केंद्र सरकार की 145 प्रकार की जनहित योजनाएं संचालित हो रही है, जिसे हम और आप सभी को जानना है और लाभ लेना है। किसान हित में मोदी सरकार काम कर रही है। परिणाम स्वरूप इस साल 1 लाख 46 हजार नए किसानों का पंजीयन हुआ है। पिछले भाजपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा के प्रति बहुत अच्छा पहल करते हुए हमारे क्षेत्र में 18 हाई स्कूल और 14 हायर सेकेंडरी स्कूल के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में अमुलचुल परिवर्तन लाएं है।

**भाजपा अपने वादों को पूरा करते हुए कर रही है कार्य -** कहा कि बताएं कि कांग्रेस ने क्या किया है। केंद्र के मोदी सरकार और राज्य के विष्णुदेव सरकार अपने सभी वादों पर को पूरा करते हुए कार्य रही है। कार्यक्रम को पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, अशोक बजाज एवं मंडल अध्यक्ष उमेश यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, किसान नेता चंद्रिका साहू, परदेसी राम साहू, मनीष देवांगन, मुकेश ढीढी, सौरभ जैन, अंकित मेघवानी, राजू पाल, पारसमणी साहू, दुकालू चक्रधारी, प्रेमलाल साहू, रूपेंद्र चंद्राकार, कैलाश तिवारी, हेमलाल साहू, सेवाराम सहित बड़ी संख्या में किसान एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# विधायक को किसानों ने बारदाना की समस्या से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

■ धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण में पहुंचे विधायक जनक ध्रुव

सोमवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुच धान खरीदी केन्द्र घुमरगुड़ा, सिनापाली, कदलीमुड़ा के निरीक्षण में पहुंचें। इस दौरान उन्होने किसानो से चर्चा किया। किसानों ने बताया कि धान खरदी केन्द्रो में बारदाना की भारी कमी है। किसानों को अपने घर से बारदाना लेकर आना पड़ रहा है। वहीं ऑनलाईन टोकन में भारी असुविधा के समाना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण सर्वर डाउन के कारण ऑनलाईन टोकन नहीं कट पा रहा है। किसान दयाराम मांझी, चैनसिंह नेताम, सगनुराम सोरी, प्रेमलाल, जगबंधु सिंह, लैयबानो राम ने विधायक जनक ध्रुव ने बताया कि बारदाना की भारी दिक्कत हो रही है। ऑन लाईन टोकन नहीं कट रहा है।

**सर्वर डाउन के चलते नहीं कट रहा टोकन-** विधायक कहा की छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार धान खरीदी मामले में असफल साबित हो रहा है। किसानो को बारदाना नहीं मिल रहा है। सर्वर डउन के चलते टोकन नहीं कट रहा है। काई किसानों के पास मोबाईल नहीं है जिसके कारण किसानों को भारी परेशानी हो रही है। धान बेचने के बाद राशि सही समय पर नहीं मिल रहा है। विधयक ध्रुव ने धान खरीदी पर हो रही लापरवाही पर भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार किसानो का पूरा धान नहीं खरीदने के लिए तरह-तरह से उन्हे परेशान कर रही है। धान खरीदी धीमी गति से चल रही है। सरकार ने वादा किया था कि धान बेचने के बाद किसानों के खाते में 72 घंटे में पैसा आ जायेगा लेकिन अभी तक कई किसान भुगतान के लिए भटक रहे है। 3100 रूपये के जगह 2300 रूपये का भुगतान किया जा रहा है। विधायक ने कहा की किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेस उग्र आन्दोलन करेगी।

# शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं संभागीय अध्यक्ष रामनरायण मिश्रा ने बताया कि संघ के संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर तथा प्रांतीय अध्यक्ष संजय ठाकुर के नेतृत्व में संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सीएम विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने संगठन के समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं वे राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास शिक्षकों के माध्यम से ही होता है। आप लोग प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर संगठन ने व्याख्याता एवं प्राचार्य पदोन्नति शीघ्र करने हेतु मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेने की बात कही। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांतीय अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, पूर्व महामंत्री उमेश गोस्वामी, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष हरी शर्मा, जिला संगठन मंत्री उपाध्यक्ष टेकराम सेन, अशोक गुप्ता, संजय भदोरिया, प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा, रायपुर के जिला अध्यक्ष सुनील नायक, कांकेर जिला अध्यक्ष टिकेश ठाकुर, कोंडागांव जिला अध्यक्ष निर्मल शार्दूल, गरियाबंद जिला अध्यक्ष मुरारी देवांगन, अशोक मिश्रा, एस चौहान, अवध वर्मा, गयाराम रजवाड़े, भुनेश्वर देवांगन, टीकम साहू, गिरधारी यादव, अनिल सिंह, अर्जुन सिंह उपस्थित थे।

# वजन और रिसाव की जांच के बाद ही सिलेंडर लें : सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ कुकिंग स्पर्धा में एलपीजी हैंडलिंग और सुरक्षा के प्रति दी गई जानकारी

गांधी मैदान स्थित मेसर्स परमेश्वरी एचपी गैस एजेंसी परिसर में भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा हमारी रसोई, हमारी जिम्मेदारी/" कार्यक्रम के तहत उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य घरेलू गैस के उपयोग में सावधानियों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के तहत कुकिंग प्रतियोगिता और सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन हुआ, जिसमें नगर की कई महिलाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सफाई, स्वाद, और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय,





और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

**सुरक्षा और सावधानियों पर दी गई जानकारी-** एजेंसी के प्रोपराइटर सरोज देवांगन ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने रसोईघर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गैस सिलेंडर का निरीक्षण, वजन और रिसाव की जांच के बाद ही सिलेंडर लें। गैस चूल्हे के पास खिड़कियों पर पर्दे ना लगाएं। जलते हुए बर्नर पर रखे बर्तन बिना निगरानी के न छोड़ें। बर्तन उतारने में कपड़ों का प्रयोग न करें। गैस की गंध आने पर इलेक्ट्रॉनिक स्विच ऑन न करें और साबुन के घोल से रिसाव की जांच करें।

गैस चूल्हे का स्थानः गैस चूल्हे के ऊपर अलमारी या भंडारण कैबिनेट स्थापित न करें।

**प्रशिक्षित मैकेनिक और डिलीवरी बॉय हुए सम्मानित-** कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच मैकेनिक और डिलीवरी बॉय को भी सम्मानित किया गया। इन सभी को घरेलू गैस की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करने और उपभोक्ताओं की सेवा के लिए सराहा गया। कार्यक्रम में उपस्थित उपभोक्ताओं को सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलाई गई। साथ ही, आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए 1906 हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों का उत्साह और उपभोक्ताओं की जागरूकता बढ़ाने वाले इस कार्यक्रम को सभी ने खूब सराहा।



### टोकरो विद्यालय के बच्चों ने दंतेश्वरी मैया के दर्शन किए

**नवापारा-राजिम।** ग्राम टोकरो के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राएं व शाला विकास समिति के सदस्यों एवं शिक्षको द्वारा शैक्षणिक भ्रमण में बस्तर संभाग के तीरथगढ़ जलप्रपात, बारसूर एवं दार्शनिक स्थल दंतेश्वरी मैया का दर्शन करते हुए चित्रकोट जलप्रपात का आनंद लिया।

# जिले में दीप यज्ञ 5 जनवरी को मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार जिला गरियाबंद के तत्वाधान एवं गरियाबंद के सभी ब्लॉकों के संयुक्त प्रयास से गरियाबंद नगर के गांधी मैदान में 3 जनवरी से 6 जनवरी 2025 तक 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम संपन्न होना है। जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार से देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या का आगमन 5 जनवरी को होगा। जिसमें विशेष रूप से उद्बोधन का कार्यक्रम होगा। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम के पूर्व दिनांक 12 दिसंबर को को भूमि पूजन का कार्यक्रम भी संपन्न होना है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में गरियाबंद जिले के देवभोग ब्लॉक समन्वयक चरण यादव, कंडेकेला से देवशरण साहू, मैनपुर से बृजलाल एवं सवितानंद गरियाबंद से पतराम निषाद, छुरा से ठाकुर राम यादव एवं राजिम से टीकम चंद्र सेन सहित पूरे गरियाबंद जिले के समस्त गायत्री परिजन तन मन धन लगा करके जुड़े हुए हैं। उक्त कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वय नुकेश एवं नारी जागरण के प्रमुख दुर्गावती सेन सहित तीनों प्रकोष्ठ सफल बनाने में लगी हुई है। जिले के चार दिवस के कार्यक्रम में लगभग 2 लाख लोग शामिल होने की संभावना है। जिसके लिए दो भोजनालय चलाया जाएगा।

# पीएम आवास की प्रक्रिया के सरलीकरण की मांग की

**फिंगेश्वर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहर 2.0 के नियमों के तहत हितग्राहियों को काफी अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके तहत हितग्राहियो को ऑनलाइन दस्तावेजों की मांगों में अड़चने आ रही है। हितग्राहियों की परेशानियों को देखते हुए वार्ड क्रमांक 4 का पार्षद अधिवक्ता संतोश पुरी गोस्वामी ने



एसडीएम राजिम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से ज्ञापन सौंप कर ऑनलाइन दस्तावेजों की मांग को शिथिल करने की मांग की है। जिसमे बिंदूवार बताया गया है कि हितग्राहीयों का कार्य कैसे जल्दी एवं सरल तरीके से हो पायेगा।

**प्रमुख मांगे :** 1. आवास योजना में जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता आवेदन के साथ हटाएं। 2. पिता के नाम की भूमि पर सहमति पत्र के आधार पर पुत्र को आवास दिया जाए। 3. शहरी क्षेत्र में 10 वर्ष से अधिक समय से सरकारी भूमि में निवास कर रहे लोगों को पट्टा देकर आवास स्वीकृत किया जाए। 4. पूर्व में आवास के लिए भरे गए फार्म के हितग्राही को प्राथमिकता के आधार पर पहले आवास स्वीकृत किया जाए।

# खेल में उत्कृट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करें : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

खेल मनुष्य के जीवन में बहुत आवश्यक है। शारीरिक श्रम करने से जहां शरीर स्वस्थ्य रहता है वहीं मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहते है और खेल में हार जीत लगी रहती है। खिलाड़ी हमेशा खेल भावना के खेल का प्रदर्शन कर अपना व प्रदेश का नाम रोशन करें उक्त बाते बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के विधायक जनक ध्रुव तीन दिवसीय कब्बडी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा। स्वतंत्र संग्राम सेनानी पं. श्याम शंकर मिश्र की स्मृति में स्पोर्ट क्लब देवभोग द्वारा तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जिसमें विधायक जनक ध्रुव पहुंचे। उन्होने सभी खिलाड़ियो से हाथ मिला परिचय प्राप्त किया और उन्हे खेल प्रतियोगिता के लिए उत्साह वर्धन किया। इस प्रतियोगिता में 22 टीमो ने भाग लिया। जिसमें ओडिसा से 7 टीम भी पहुंचे। प्रथम पुरस्कार 15 रुपए एवं शिल्ड द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रुपए एवं शिल्ड कप वितरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से दुर्गाचरण अवस्थी, अनामो बघेल, राजेश तिवारी, आशिष पाण्डेय, मनोज मिश्रा, विकास पाण्डेय, अनील बेहरा, भूपेन्द मांझी, गोविंद रेगें सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।



**कबड्डी प्रतियोगिता में 22 टीमों ने लिया भाग**

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट · कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) · स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
130+ CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### संत गोवर्धन शरण व्यास का वृंदावन में कथा जारी

**छुईहा बेलर।** चतुर्भुजी सिरकट्टी आश्रम में संचालक संत गोवर्धन शरण व्यास का वृंदावन में भागवत कथा पांचवां दिन का कथा जारी है। भगवताचार्य के साथ वेद राम साहू, परमेश्वर साहू, भोज साहू, गुलाब पटेल, होरीलाल, नेहरू यादव, ललित साहू, पार्वती, अंजू, दयालु राम, रतीराम बोड़की सहित आसपास गांव के 400 श्रद्धालु भागवत कथा सुनने पहुंचे थे।

### बेटी के जन्मदिन पर बच्चों को न्योता भोज कराया



**मुड़गांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक शाला बोईरगांव में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ता हीरामन साहू ने अपने सुपुत्री के जन्मदिन पर छात्र छात्राओं को न्यौता भोज कराया गया। जिसमें खीर, बड़ा पुड़ी, दाल,चावल, सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर स्टॉप के समस्त शिक्षक एवं सहपरिवार उपस्थित थे।

### पंचायत अध्यक्ष ने बोर खनन के लिए पूजा की



**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने पेयजल समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत फरसरा में जिला पंचायत फंड से बोर खनन कार्य का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कोसरिया पटेल समाज की कार्यकारिणी की बैठक हुई

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान कार्यालय सामाजिक भवन ग्राम परकोम में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजन व आरती कर की गई इसके पश्चात समाज पदाधिकारियों का रोली गुलाल से स्वागत वंदन हुआ इसके बाद सभा को संचालित करने हेतु सभापति के रूप में नेतराम पटेल को मनोनीत किया। फिर सभापति के आदेशानुसार ग्राम नर्रा, परकोम एवं बनियातोरा गांव से आए चार आवेदन पत्रों को सचिव ने समाज के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। समाज पदाधिकारियों ने प्रकरण पर चर्चा कर प्रकरण का सुनवाई की गई जिसमें चार में से दो आवेदनों को मौके पर ही सुलझाया गया और दो आवेदनों का विषय गंभीर होने के स्थिति में इसे यथावत रखा गया है। वहीं सामाजिक गतिविधियों पर अनेक मुद्दे पर चर्चा हुई। इस मौके पर अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल संयोजक लोचन पटेल संरक्षक सेतराम पटेल उपाध्यक्ष दुकालूराम पटेल कार्यकारी अध्यक्ष माखन लाल पटेल महासचिव नेतराम पटेल परमेश्वर पटेल चंदन पटेल अमरसिंह पटेल जागेश्वर पटेल लक्ष्मी नारायण पटेल समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

## निधन

### बंशी राम यादव



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा निवासी बंशी राम यादव का निधन 30 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे गैंद राम यादव के पिता थे।

## बैठक : विभागों में लंबित प्रकरणों का तेजी से करें निराकरण

# स्कूली बच्चों के आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाने में लाएं तेजी : कलेक्टर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं में प्रगति के संबंध में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में स्कूली बच्चों के आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र निर्माण के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने छुटे हुए बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लोगों को योजनाओं से शत- प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से छुटे हुए पात्र लोगों के लिए विशेष रूप से सेचुरेशन कैम्प लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने सेचुरेशन कैम्प के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इसके लिए सभी जनपद सीईओ को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरविन्द पाण्डेय, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ सहित विभागीय जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश




### ई-केवायसी के लिए लोगों को जागरुक करें

कलेक्टर ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्डो के ई-केवायसी की भी जानकारी ली। उन्होंने ई-केवायसी के लिए बचे हुए हितग्राहियों को जागरूक कर इस कार्य को तेजी से सम्पन्न करने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गौरव गरियाबंद अभियान, आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम एवं विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

### लोगों को योजनाओं से करें लाभान्वित

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने जनपद पंचायत, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, पीएचई, पीएमजीएसवाय, क्रेडा, समाज कल्याण एवं विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर लंबित रहने के कारणों पर चर्चा की। कलेक्टर ने प्रकरणों को तेजी से निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। तेजी से प्रकरणों का निराकरण करते हुए लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

# जिले के 87 बच्चों को मिला स्पांसरशिप योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल की संवेदनशीलता से गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर 87 अनाथ बच्चों को स्पांसरशिप योजना का लाभ मिल गया है। इस योजना के तहत बच्चों को प्रतिमाह 4 हजार रूपये मिलेंगे। बच्चों को यह राशि उनके 18 वर्ष की आयु होने तक मिलेगी। यह राशि बच्चों के पढ़ाई-लिखाई और स्वयं के देखरेख में काम आयेगी। उल्लेखनीय है कि बिना मां-बाप के असहाय बच्चों को सहायता के लिए कलेक्टर श्री अग्रवाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आवश्यक सहयोग करने के निर्देश दिये थे। इसी तारतम्य में विभाग द्वारा संचालित स्पांसरशिप योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए 87 बच्चों को योजना से लाभान्वित करने की अनुशंसा की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने तत्परता एवं संवेदनशीलता से बच्चों को योजना से लाभ दिलाने के लिए अनुमोदन प्रदान किया। इसके माध्यम से बच्चों को गरीबी और आर्थिक तंगी में जीवन व्यतीत करने की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही असहाय बच्चों को आगे बढ़ने का सहारा मिलेगा। बच्चों को स्वयं के देखरेख एवं दैनिक जरूरतों की आश्यकताओं के लिए दूसरे पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। योजना से लाभान्वित होने से गरीबी और आर्थिक तकलीफों से गुजर रहे बच्चों की जीवन में खुशहाली की नई राह खुलेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद श्री अशोक पाण्डेय ने बताया कि जिले के अनाथ एवं असहाय बच्चों जिनके संरक्षक की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है, मापदंड अनुसार उन्हें स्पांसरशिप योजना से लाभान्वित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसी तारतम्य में आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार में रह रहे बच्चों के लिए संचालित मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत स्पांसरशिप योजना से 87 बच्चों को लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही किया गया। विभाग द्वारा बच्चों का सामाजिक आंकलन कर मापदंड संबंधी आवश्यक परीक्षण किया गया व परीक्षण उपरांत बच्चों को लाभ दिलाने प्रकरण तैयार किया गया। तत्पश्चात 87 बच्चों को स्पांसरशिप योजना से लाभान्वित किया गया।

# विश्व एड्स दिवस के अवसर पर निकाली गई जागरूकता रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बी पी भोल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक राजेन्द्र कुमार साहू ने समस्त अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के साथ ग्राम पंचायत दुल्ला में एड्स जागरूकता मनाया गया। इस कार्यक्रम में 55 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के डॉ. अनुराग सिंह चौहान, अश्वनी कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू,लुकेश्वरी वर्मा, प्रतिभा जायसवाल, विकास साहू, रागनी सोनी, आकाश गुप्ता और सभी लैब इंचार्ज श्रावण कुमार साहू, सत्यव्रत ध्रुव और रवि पत्रे का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी, डॉ. पी विश्वनाथन प्रोफेसर डीन साइंसेस सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।

# रसेला और मेडकीडबरी के कृषकों को वितरित किया गया मूंगफली का बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला




ग्राम रसेला और मेडकीडबरी के कृषकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (टरफा) योजना के अंतर्गत किसानों को जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, थानेश्रर कंवर के हाथों रबी फसल लगाने के लिए मूंगफली बीज का वितरण किया गया। साथ ही साथ बीज ग्राम योजना के तहत गेहूं, चना, सरसों बीज का भी क्षेत्र के किसानों को वितरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव ने कहा कि कृषि विभाग की ओर से प्रत्येक वर्ष खेती करने वाले किसानों के बीच मूंगफली व अन्य कई प्रकार के बीज वितरित किए जाते हैं। उन्होंने ने बताया कि क्षेत्र के वास्तविक किसानों को इसका लाभ मिले, इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व कृषक मित्र का सहयोग करें। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने कृषि विभाग की अन्य कई योजनाओं की जानकारी भी दी। और कहा कि जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन है, वे रबी सीजन में गेहूं की कटाई के बाद मार्च - अप्रैल में खेत को खाली छोड़ने के बजाय मूंगफली की बुआई करें। जून - जुलाई में बारिश शुरू होने से पहले मूंगफली काटकर खरीफ सीजन की बुआई की तैयारी होने लगती है, इससे किसानों को मूंगफली की दो बार उपज ले सकते हैं। किसान इस योजना का लाभ उठा कर अपना दलहन तिलहन उत्पादन बढ़ाने के साथ ही अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। तिलहन फसलों का उत्पाद बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस मौके पर कृषक मित्र अशवत सेन, कृषकगण बलदराम, हरचंद मांझी, मूलचंद सोरी, उज्जल सिंह, भावसिह मरकाम, अशोक कुमार, ओबेराम, खेमसिंह, दिव्यानंद यादव, भूखन निषाद, संतराम, देवलाल, सोहनलाल, चेतन, सदाराम, कुमोरम, शिवचरण सहित किसान उपस्थित थे।

# सेवानिवृति पर मयाराम व भुनेश्वर हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



कलेक्टर दीपक अग्रवाल जिला गरियाबंद द्वारा कलेक्टर सभाकक्ष गरियाबंद में फिंगेश्वर विकासखंड के मयाराम जांगड़े एवं भुनेश्वर ध्रुव को जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी फिंगेश्वर की उपस्थिति में शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इसके साथ- साथ उनके पीपीओ एवं जीपीओ भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर फिंगेश्वर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां पर हम अपने काम की जिम्मेदारियों से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं। शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि विकासखंड फिंगेश्वर के अंतर्गत भविष्य में शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के दिन संपूर्ण स्वत्वों का भुगतान करने के लिए आश्वस्त किया। ज्ञात हो कि दोनों प्रधान पाठक के 30 नवंबर को सेवानिवृत्त तिथि के दिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी एवं लेखापाल महेश्वर मारकंडे द्वारा तत्परता के साथ सभी स्वत्वो का भुगतान कर दिया गया है। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी पीएल खलको एवं राजिम संकुल समन्वयक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

# भाजपा की विष्णुदेव सरकार जनता के हित में काम कर रही है : पुजारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी सोमवार को मैनपुर पहुंचे तो वन विभाग विश्रामगृह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मियता से स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से क्षेत्र में चल रहे संगठन की गतिविधियों एव विकास कार्यों को लेकर चर्चा किया। इस दौरान पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा की छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश का विकास हो रहा है। छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार सभी वर्गो के विकास के लिए कार्य कर रही है। गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा सरकार अपने वादानुसार किसानों से धान खरीदी कर रही है और विपक्ष लोगों को बरगलाने का कार्य रह रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपध्यक्ष पं. योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, दिलीप साहू, मनोज मिश्रा, पुलस्त शर्मा एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एनएसएस शिविर में वेदांतिक शिक्षा पर हुआ विचार-विमर्श

# डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चुरकीदादर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन रविवार को वेदांतिक शिक्षा और सामाजिक-पर्यावरणीय विषयों पर केंद्रित सत्रों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वेदांत छात्र संघ, छत्तीसगढ़ ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कबीर साहेब के भजनों से हुआ। जिसमें आध्यात्मिकता और सामाजिक चेतना का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। सत्र में कई विषय विशेषज्ञों ने समसामयिक मुद्दों पर विचार साझा किए। कुशल मोहता ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए पौधारोपण, जनसंख्या नियंत्रण और वाहनों के सीमित उपयोग जैसे समाधानों पर बल दिया। अंजली तिवारी ने सोशल मीडिया के युवाओं पर प्रभाव और इसके विवेकपूर्ण उपयोग के महत्व को रेखांकित किया। लक्की देवांगन ने डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा के उपायों पर प्रकाश डाला। सरस्वती धनकर ने महिला सशक्तिकरण और कानून व्यवस्था में सुधार के लिए विभिन्न उपाय सुझाए। सहायक प्राध्यापक चित्रकिरण पटेल ने आत्मविकास, मानसिक स्थिरता और जीवन के उद्देश्य पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। महेश कोडवानी ने पशु बाजारीकरण और मांस विक्रय के नैतिक और सामाजिक पहलुओं पर अपनी राय साझा की। लोचन यदु ने यौन शिक्षा की आवश्यकता और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।



### व्यक्तित्व विकास के महत्व को बताया

गिरिराज साहू और सुनील बिसवाल ने वेदांतिक शिक्षा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास और आत्म-विकास के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने बताया कि वे आचार्य प्रशांत से प्राप्त वेदांतिक शिक्षा के बाद स्वप्रेरित होकर इसे निःशुल्क जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। यह शिक्षा आत्म-जागरूकता को बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण को बेहतर ढंग से समझने में सहायक सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम में डॉ. विनित कुमार साहू, रागनी ठाकुर, सुश्री रीना वर्मा, बीरेंद्र नाग, सुभाष चक्रधारी सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिक और रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

